>

Title: Need to undertake repair and maintenance of National Highway Nos. 86 and 26 passing through Sagar Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश में 10 राष्ट्रीय राजमार्ग हैं जिनमें लगभग 2400 किलोमीटर राजमार्ग आज की स्थिति में चलने लायक नहीं है। सारे राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोगों की दुर्घटनाओं के कारण मौत हो गई है। हम पिछले डेढ़ साल से लगातार उस समय के और वर्तमान भूतल परिवहन मंत्री से मांग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी दो बार माननीय मंत्री जी से मिल चुके हैं। लेकिन आज तक मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए एक पैसे की भी मदद संबंधित मंत्रालय द्वारा नहीं दी गई है।

18.00 hrs.

मैं सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि इसीलिए मध्य प्रदेश की सरकार ने कैबिनेट के माध्यम से यह निर्णय लिया है कि या तो भारत सरकार इन सारे राष्ट्रीय राजमार्गों को डीनोटिफाई कर दे अन्यथा मध्य प्रदेश की सरकार सारे मार्गों को स्वयं बनाने के लिए तैयार है। परंतु केन्द्र सरकार द्वारा इन मार्गों को न तो डीनोटिफाई किया जा रहा है और न राष्ट्रीय राजमार्गों को बनाने का काम किया जा रहा है, जिसके कारण प्रदेश की जनता को जनहानि और आर्थिक हानि हो रही है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में दो राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच-26 और एन.एच-86 निकलते हैं। लेकिन इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत यह है कि उन पर चला नहीं जा सकता है। इन पर कोई गाड़ी जा नहीं सकती और कोई चल भी नहीं सकता। यदि इन राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत नहीं होगी, इनका पुनर्निर्माण नहीं होगा तो यह समस्या कैसे दूर होगी। मैं सरकार से मांग करता हूं कि या तो वह इन मार्गों को डीनोटिफाई करे और यदि सरकार इन्हें डीनोटिफाई नहीं कर सकती हैं तो आप इन राष्ट्रीय राजमार्गों को बनाने का काम करिये।

मैं सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर सरकार इसके बाद भी इस बारे में कोई निर्णय नहीं लेती है तो हम लोग बाध्य होंगे कि जहां भी ऐसी स्थिति है, वहां पर प्रधान मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री का फोटो लगायेंगे। हम इस बात को और बर्दाश्त नहीं करेंगे।

MR. CHAIRMAN: If the House agrees, we can extend the time of sitting of the House till all the Members complete their 'Zero Hour' submissions.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN : The time is extended.

श्री भूपेन्द्र सिंह : लोग इन सड़कों पर चल नहीं पा रहे हैं। लोगों की सड़कों पर मौतें हो रही हैं और यह सरकार कुछ नहीं कर रही है। आखिर हम लोग इसे कब तक बर्दाश्त करें। अब हम जबरदस्ती सड़कें बनाने का काम करेंगे और प्रधान मंत्री जी और परिवहन मंत्री जी की फोटो लगायेंगे।**...**(व्यवधान)

पूरे प्रदेश में कहीं भी चला नहीं जा सकता, यह हालत पूरे प्रदेश की हो गई है।

MR. CHAIRMAN : Shri Ganesh Singh, Dr. Virendra Kumar and Shri Rakesh Singh associate with the issue raised by Shri Bhupender Singh.